केंद्र में अगली सरकार आम आदमी पार्टी के समर्थन से बनेगी: मीत हेयर

मीत हेयर और चीमा ने दिड़बा क्षेत्र के गांवों में संबोधित कीं चुनावी रैलियां

⇨ कहा-हमारे एमपी पंजाब का रुका हुआ फंड जारी करवायेंगे

जगमार्ग न्यूज

दिड़बा/संगरूर। संगरूर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार और कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज दिड़बा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और दावा किया किकेंद्र में नवगठित सरकार में आम आदमी पार्टी की अहम भूमिका होगी और केंद्र सरकार का पंजाब के साथ भेदभाव बंद होगा और आम आदमी पार्टी के सांसद केंद्र द्वारा रोका गया फंड खुद जारी करेंगे। मीत हेयर ने कहा कि देश में परिवर्तन की लहर चल रही है और केंद्र में बनने जा रही नई सरकार में अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम

आदमी पार्टी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने अब विधानसभा चुनाव की तरह मन बना लिया है कि पंजाब और पंजाब के हकों की वकालत के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को चुना जाए।दिड़बा से विधायक और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि मीत हेयर जहां संसद में संगरूर का प्रतिनिधित्व करेंगे, वहीं अन्य सीटों पर भी आप उम्मीदवार बड़ी जीत हासिल करेंगे और पिछली केंद्र सरकारों द्वारा पंजाब के साथ किए गए भेदभाव को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि आप नवगठित केंद्र सरकार में भागीदार होगी और पंजाब का रुका हुआ फंड जारी किया जाएगा। आरडीएफ और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रोका गया फंड तुरंत जारी किया जाएगा, जिससे पंजाब में विकास की गति तेज होगी। मीत हेयर और हरपाल सिंह चीमा ने आज दिड़बा निर्वाचन क्षेत्र के महला, गोबिंदपुरा नगरी, घनोद जट्ट, मौड, सुलर घराट, सफीपुर कलां गांवों में व्यापक चुनावी रैलियां कीं और देर शाम तक वे अन्य गांवों को कवर करेंगे और दिड़बा में एक चुनावी रैली करेंगे।

पंजाब में बीजेपी को भारी झटका लगेगा

मीत हेयर ने आगे कहा कि देश में अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में प्रधानमंत्री के 400 सीटों के दावे की हवा निकल गई है और पंजाब में बीजेपी को भारी झटका लगेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी को संगरूर से उम्मीदवार ढूंढने में इतना समय लग गया कि अब वह चुनाव प्रचार के दौरान पूरे निर्वाचन क्षेत्र को कवर भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले ही पंजाब, खासकर संगरूर में अपनी हार स्वीकार कर ली है और संसद में आप पंजाब की आवाज बनेगी।

उपायुक्त ने युवाओं से मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया

जतिन अरोड़ा

बठिंडा(जगमार्ग न्यूज)। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा लोकसभा चुनाव में मताताओं की सूचित भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु 'मतदाता शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त और जिला चुनाव अधिकारी जसप्रीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कुलपति प्रो राघवेंद्र प्रसाद तिवारी के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, छात्रों एवं ग्राम घुद्दा की प्रतिष्ठित हस्तियों सहित 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जसप्रीत सिंह ने बताया कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले राष्ट्र भारत में मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहभागी लोकतंत्र में हर किसी के लिए समझदारी से मतदान करना महत्वपूर्ण है। लोगों को मतदान बारे में अपने नज़रिए को बदलने की ज़रूरत है, और देश के भविष्य को आकार देने में मतदान के महत्व को समझना चाहिए। जसप्रीत सिंह ने

⇨ कहा-सहभागी लोकतंत्र में हर किसी के लिए समझदारी से मतदान करना महत्वपूर्ण

मतदाता पंजीकरण, मतदान का महत्व तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में नागरिकों की भूमिका सहित चुनावी प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। भारत निर्वाचन आयोग देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के अपने उद्देश्य के तहत मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के माध्यम से चुनाव करा रहा है। इसके अलावा, ईसीआई उन नागरिकों को, जो अधिक आयु या अन्य कारणों से मतदान केंद्रों पर नहीं जा सकते है।

हलका शाम चौरासी में भी आप को बढ़त, डॉ. राज कुमार के समर्थन में आगे आ रहे लोग

जगमार्ग न्यूज

होशियारपुर। हलका शाम चौरासी में भी डॉ. राज कुमार के पक्ष में हवा और तेज हो गई है तथा लोगों ने जहां पहले भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर मोहर लगाकर डॉ. रवजोत को विधायक बनाया था, वहीं अब लोग डॉ. राज को विजयी बनाकर संसद में भेजने का मन बना चुके हैं। हलका वासियों का कहना है कि जितनी बड़ी जीत डॉ. रवजोत को दिलाई गई थी उससे अधिक मतों से डॉ. राज को जिताया जाएगा ताकि दोनों नेता उनके हलके को विकास की बुलंदियों पर पहुंचा सकें। हलका विधायक डॉ. रवजोत सिंह की अगुवाई में हलके के विभिन्न गांवों में आयोजित बैठके में लोगों ने डॉ. राज को सिर पलकों पर बिठाया और उनका खुलकर समर्थन करने के लिए आगे आए। इस मौके पर डॉ.

⇨ कहा-हलके की समस्याओं को हल करना उनका मुख्य उद्देश्य

राज ने हलका वासियों के प्यार एवं सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि वह जनता के सेवादार हैं और रहेंगे तथा हलकी की समस्याओं को हल करना उनके मुख्य उद्देश्यों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से डॉ. रवजोत और केन्द्र से वह खुद हलके के लिए विकास प्रोजैक्ट मंजूर करवाकर लाएंगे।

कांग्रेस उम्मीदवार कुलबीर सिंह जीरा ने नामांकन दाखिल किया

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब में खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कुलबीर सिंह जीरा ने बृहस्पतिवार को तरनतारन जिले में अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व विधायक जीरा ने अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अपना पर्चा दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में नामांकन प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हुई थी। 14 मई तक प्रत्याशी अपने पर्चे दाखिल कर सकते हैं जबकि 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और पर्चा वापस लेने की आखिरी तारीख 17 मई है। खडूर साहिब सीट से जीरा का मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप) के लालजीत सिंह भुल्लर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनजीत सिंह मन्ना मियांविंड, कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह से है।

उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाना चुनाव विभाग की मुख्य जिम्मेदारी: उपायुक्त

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। लोक सभा मतदान 2024 के मद्देनजर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज सभी डिप्टी कमिशनरों-कम-जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस कमिशनरों और सीनियर पुलिस कप्तानों को उम्मीदवारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये सभी के लिए एकसमान माहौल यकीनी बनाने के लिए कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाना जिला चुनाव विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और भारत निर्वाचन आयोग इस मामले प्रति पूरी तरह गंभीर है। सभी संबंधित अधिकारियों को जारी एक पत्र में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि उनके ध्यान में आया है कि राज्य के अलग-

⇨ किसान यूनियनों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की प्रचार मुहिमों में विघ्न न डालने की अपील

अलग हिस्सों से चुनाव प्रचार में विघ्न डालने की कई घटनाएं सामने आई हैं।यह घटनाएं अलग-अलग शिकायतों और मीडिया रिपोर्टों के द्वारा सामने आई हैं, जिसमें आंदोलनकारी किसानों द्वारा राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार करने से रोका जा रहा है जिस कारण वह राज्य के नागरिकों को अपने चुनाव घोषणा-पत्र से अवगत नहीं करवा पा रहें। ऐसी कार्रवाहियां भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन हैं। सी.आर.पी.सी. की धारा 144 के अंतर्गत जिला मैजिस्ट्रेट की तरफ से जारी हुक्मों के बावजूद प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा बिना इजाजत के सभाएं करने के इलावा लाउड स्पीकरों का प्रयोग भी किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों का हवाला देते हुये कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाते हुये इन दिशा-निर्देशों की यथावत पालना की जाये जिससे उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए एकसमान माहौल प्रदान किया जा सके। जिलों में तैनात समूह चुनाव मशीनरी का फर्ज है कि वह इन दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना को यकीनी बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जायेगी। सिबिन सी ने सभी अधिकारियों को हिदायत की कि वह इन निर्देशों को सही अर्थों में लागू करना यकीनी बनाएं।

पुराने वीडियो को वायरल कर गुमराह कर रहे विरोधी: औजला

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। वाल्मिकी समाज के लिए कहे शब्दों की पुरानी विडियो को वायरल करके विरोधी लोगों को मुद्दों से भटका रहे हैं। राजनीतिकज्ञों से अपील है कि सार्थक राजनीति करें और अपने कामों को मुख्य रखें। कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला ने आज वायरल हो रही विडियो के बारे में ब्यान देते हुए कहा कि उसके लिए वाल्मीकि तीर्थ में जाकर माफी मांग चुके हैं और वहां से माफी भी मिल चुकी है। उनके ब्यान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया था लेकिन फिर भी किसी की भी भावनाओं को ठेस ना पहुंचे इसके लिए उन्होंने माफी मांगी थी। धूना साहिब ट्रस्ट के बाबा मलकीत नाथ जी महाराज बाबा नछ्तर दास जी और चेयरमैन बाबा रवेल सिंह रंधावा ने इस मामले में वाल्मीकि समाज से अपील की है कि इस मामले को तूल ना दिया जाए। उन्होने कहा कि यह काफी पुराना मामला है जिसे जानबूझकर चुनावों में मुददा बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि गुरजीत सिंह औजला इस मामले में श्री वाल्मीकि तीर्थ में सजा भुगत चुके हैं।

कांग्रेस टकराव में नहीं, बल्कि सुलह में विश्वास रखती है: राजा वड़िंग

जगमार्ग न्यूज

लुधियाना। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा सुलह में विश्वास रखती है, ना कि टकराव में भरोसा करती है। पत्रकारों द्वारा भाजपा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से किसानों को चुनौती दिए जाने के संदर्भ में पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह गांवों में जाएंगे, यदि किसी में हिम्मत है तो रोके। वड़िंग ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि हर किसी को जहां चाहे वहां प्रचार करने का अधिकार है और किसी को भी ऐसा करने से नहीं रोका जाना चाहिए। हालांकि इसी के साथ ही उन्होंने किसी भी टकराव के खिलाफ सावधानी और संयम बरतने की सलाह भी दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि रेल और सड़क की नाकेबंदी को हर कीमत पर टाला जाना चाहिए,

⇨ किसानों को रेल/सड़क पर जाम न लगाने की सलाह दी, कहा-इससे लोगों को होती है परेशानी

क्योंकि इससे लाखों आम लोगों को परेशानी होती है, जो किसानों की तरह ही असहाय हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों के हितों का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि अगर 2020 में पंजाब में कांग्रेस की सरकार नहीं होती, तो वे दिल्ली की ओर कूच नहीं कर पाते व मोदी सरकार को तीन काले कृषि कानून वापस लेने के लिए मजबूर नहीं कर पाते। जबकि इसकी तुलना में आम आदमी पार्टी की सरकार ने हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकारों के साथ मिलीभगत कर किसानों का रास्ता रोका।

तीसरे दिन 2 प्रत्याशियों ने किए नामांकन पत्र दाखिल

बठिंडा(जगमार्ग न्यूज)। जिला चुनाव अधिकारी जसप्रीत सिंह ने बताया कि 1 जून को होने वाली लोक सभा चयन संबधित हलका बठिंडा 11 से आज दो अलग अलग पार्टियों के उ दिवारों ने अपने नामाकन प्रत्र दाखिल किए है। तीसरे दिन प्राप्त नामांकन पत्रों बारे जानकारी देते उन्होंने बताया कि आजाद समाज पार्टी (कांसी राम) द्वारा जसवीर सिंह और भारतीय जवान किसान पार्टी द्वारा नैब सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र 14 मई को अपराह्न तीन बजे तक जमा किए जा सकेंगे, जमा किये गये नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जाएगी. वहीं 17 मई तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे।नामांकन केवल कार्यालय कार्य दिवसों पर ही लिए जाएंगे जबकि अवकाश के दिन नामांकन नही लिए जायेंगे।

विश्व रेड क्रॉस दिवस के मौके थैलेसीमिया रोगियों को समर्पित रक्तदान शिविर लगाया

चरनदीप सिंह रतन

नवांशहर (जगमार्ग न्यूज)। थैलेसीमिया एक आनुवांशिक बीमारी है। इससे प्रभावित व्यक्ति की लाल रक्त कोशिकाओं में पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बनता है, जिसके कारण उन्हें दो से तीन सप्ताह के बाद रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2024 का थीम थैलेसीमिया पीड़ितों पर केंद्रित है जिसके तहत थैलेसीमिया पीड़ितों को चाहे वे किसी भी आर्थिक स्थिति और किसी भी स्थान के हों, वर्तमान और भविष्य में सटीक उपचार और देखभाल करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के नेतृत्व में स्थानीय बी.डी.सी. बलड सैंटर में ÷विश्व रेड क्रॉस दिवस÷ के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो कि थैलेसीमिया रोगियों के लिए एक समर्पित रक्तदान शिविर बन गया। शिविर का उद्घाटन समाज सेविका ज्योति बग्गा ने किया। उन रक्तदाताओं के गले में बैज लगाकर उनका सम्मान किया। शिविर में कुल 45 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

शिविर की खास बात यह रही कि दृष्टिबाधित संदीप शर्मा होशियारपुर ने और थैलेसीमिया पीड़ित लड़की के पिता नवनीत बिज ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एस के सरीन ने थैलेसीमिया रोगियों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि थैलेसीमिया रोगियों को आश्वस्त किया जाना चाहिए कि यह संस्था उनका सहयोग जारी रखेगी।

न्यूज डायरी

तीसरे दिन 28 उम्मीदवारों की तरफ से 31 नामांकन पत्र दाखिल: सिबिन सी

चंडीगढ़(जगमार्ग न्यूज)। लोक सभा मतदान- 2024 के लिए नामांकन पत्र भरने के तीसरे दिन पंजाब में 13 लोक सभा सीटों के लिए 28 उम्मीदवारों की तरफ से 31 नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि लोक सभा हलका फतेहगढ़ साहब और होशियारपुर से एक- एक उम्मीदवार की तरफ से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। संगरूर, अमृतसर, बठिंडा और फिरोजपुर से दो- दो उम्मीदवारों की तरफ से नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं, जबकि पटियाला से तीन, आनन्दपुर साहब से तीन, खडूर साहब से चार और लुधियाना से 5 उम्मीदवारों की तरफ से नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं। वहीं फरीदकोट से 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। यहां 1 उम्मीदवार की तरफ से 4 फार्म भरे गए हैं। गुरदासपुर और जालंधर लोक सभा सीट के लिए किसी भी उम्मीदवार की तरफ से गुरूवार को नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। जिक्रयोग्य है कि 7 मई से 9 मई तक 61 उम्मीदवारों की तरफ से 68 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

जिला स्वीप टीम ने किया वोटर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पठानकोट (जगमार्ग न्यूज)। जिला चुनाव अधिकारी कम डिप्टी कमिश्नर पठानकोट आदित्य उप्पल के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला नोडल अधिकारी स्वीप कम जिला भूमि रक्षा अधिकारी सरदार गुरप्रीत सिंह की योग्य अगुवाई में आज पठानकोट के गांव बुंगल में स्थित बी.एल.डी सीनीयर सैकंडरी स्कूल में जिला स्वीप टीम की ओर से वोटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरांत जिला स्वीप टीम के अधिकारी हेड मास्टर रविकांत, हेडमास्टर संजीव कुमार, हरसिमरनजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, विवेक डोगरा , विकास धवन की ओर से विद्यार्थियों और स्टाफ को वोटर जागरूकता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला स्वीप टीम के अधिकारियों ने कहा कि लोकसभा चुनावो को मुख्य रखते हुए जिला पठानकोट में 80 फीसदी मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत जिला स्वीप टीम की ओर से लगातार गतिविधियां कर वोटरों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

डिलिवरी दौरान होने वाले खतरों की समय पर पहचान जरुरी: डॉ.सुरिंदरपाल कौर

कपूरथला (जगमार्ग न्यूज)। डिलीवरी से पहले गर्भवती की माहिर डॉक्टर्स से रुटीन जांच बहुत जरुरी है। ताकि उसे डिलीवरी दौरान होने वाले खतरों से बचाया जा सके ।यह बात सिविल सर्जन कपूरथला डॉ.सुरिंदरपाल कौर ने हर माह की 9 तारीख को सुरक्षित मातृत्व अभियान तहत लगाए जा रहे मुफ्त कैंप दौरान कही। उन्होंने बताया कि यदि हर गर्भवती महिला की इस मुहिम तहत माहिर डॉक्टर्स से जांच करवाई जाए तो डिलीवरी दौरान होने वाले खतरों को पहले ही पहचाना जा सकता है। इससे जच्चा-बच्चा मौत दर में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया जिले के सभी सरकारी सेहत संस्थाओं में हर माह की 9 व 23 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए मुफ्त कैंप लगाए जाते है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को इन कैंपों का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर सीनियर मेडिकल अधिकारी डॉ.संदीप धवन, गायनीकोलोजिस्ट डॉ.सिम्मी धवन, डॉ.परमिंदर कौर, डिप्टी मास मीडिया अधिकारी सुखदयाल सिंह, जिला बीसीसी कोआर्डिनेटर ज्योति आनंद, बीईई रविंदर जस्सल के अलावा अन्य मौजूद थे।

श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। दूसरे पातशाही साहिब श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व आज खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल द्वारा खालसा कॉलेज परिसर में स्थित गुरुद्वारा साहिब में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कौंसिल के आनरेरी सचिव राजिंदर मोहन सिंह छीना ने इस पवित्र दिन पर गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और संगत को बधाई दी और कहा कि गुरु साहिब जी ने हमें शांति और सेवा का संदेश दिया, जिसे अपनाकर हम अपना जीवन सही ढंग से जी सकते हैं। इस अवसर पर काउंसिल के संयुक्त सचिव लखविंदर सिंह ढिल्लों, सदस्य रमिंदर कौर, खालसा कॉलेज फॉर वूमेन प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर कौर, खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन प्रिंसिपल डॉ. खुशविंदर कुमार, खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंजीत एवेन्यू के प्रिंसिपल डॉ. मनदीप कौर, खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज की प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमार वर्मा, खालसा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के डॉ. कंवलजीत सिंह, खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रंजीत एवेन्यू डायरेक्टर डॉ मंजू बाला, खालसा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. आरके धवन, खालसा कॉलेज चविंडा देवी के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरदेव सिंह, श्री गुरु तेग बहादुर कॉलेज फॉर वुमेन के प्रिंसिपल नानक सिंह, खालसा कॉलेज पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एएस गिल, खालसा कॉलेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल निर्मलजीत कौर गिल, खालसा कॉलेज पब्लिक स्कूल, उनकी प्रिंसिपल गुरिंदरजीत कंबोज, शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कालेज एवं स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे।

जेल में हवालाती ने वार्डन को पीट किया जख्मी

फिरोजपुर (जगमार्ग न्यूज)। सेंट्रल जेल फिरोजपुर में बंद हवालाती ने वार्डन पर हमला कर जख्मी कर दिया। हुआ यूं कि वार्डन सभी को शाम के समय बैरकों में जाने के लिए कह रहा था, इसी बात पर हवालाती ने उसके संग झगड़ा किया। थाना सिटी पुलिस ने वीरवार जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट रिश्वपाल गोयल की शिकायत पर आरोपी हवालाती के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वार्डन सुखराज सिंह की ड्यूटी जेल में बनी पुरानी बैरक नंबर-एक से छह तक थी। सुखराज शाम को सभी बंदियों को बैरक के अंदर जाने के लिए कह रहा था। बैरक नंबर-तीन के बाहर कुछेक हवालाती खड़े थे, इनमें से हवालाती मरकस मसीह वासी नूरपुर माछीवाड़ा (जीरा) जिला फिरोजपुर ने उसके संग गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। यही नहीं उससे धक्कामुक्की कर उसे जख्मी कर दिया और उसकी वर्दी फाड़ दी। इस संबंधी सुखराज ने जेल अधिकारियों से शिकायत की। थाना सिटी पुलिस ने जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट रिश्वपाल गोयल की शिकायत पर हवालाती मरकस मसीह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अपराध

अमेरिका काउंटर इंटेलिजेंस ने तस्करों के पास से 6 पिस्तौल, सात कारतूस किए बरामद

पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का किया पर्दाफाश

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़/जालंधर। काउन्टर इंटेलिजेंस (सी.आई.) जालंधर द्वारा खुफिया सूचना पर कार्यवाही करते हुए ने एक अंतर-राज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का पर्दाफाश कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए इन दोषियों के कब्ज़े से 6 पिस्तौलें जिनमें पाँच .32 बोर के पिस्तौल और एक .30 बोर पिस्तौल समेत सात कारतूस बरामद किये हैं। यह जानकारी आज यहाँ पंजाब पुलिस के डायरैक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी मट्टू निवासी रईआ और राहुल मसीह निवासी गांव चविंडा देवी, अमृतसर के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि

⇨ गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने के दोष अधीन दो अन्य मॉड्यूल मैंबर भी किये नामजद

प्राथमिक जांच से पता लगा है कि यह रैकेट धड़ल्ले से काम कर रहा था और पिछले छह महीनों में मध्य प्रदेश के उज्जैन से हथियारों की चार बड़ी खेपें प्राप्त कर चुका है। उन्होंने आगे बताया कि मॉड्यूल मैंबर अमरीका आधारित आपराधिक इकाई के संपर्क में थे और उसके ही निर्देशों पर हथियारों की खेप प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने इस मॉड्यूल के दो अन्य अहम सदस्यों की पहचान करके उनको गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने के लिए नामज़द किया है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस टीमें उनको काबू करने के लिए छापेमारी कर रही हैं, जबकि इस सम्बन्धी अगली-पिछली कड़ियां जोड़ने के लिए और जांच की जा रही है। ऑपरेशन संबंधी अधिक विवरण साझा करते हुए एआईजी सी.आई. जालंधर नवजोत सिंह माहल ने बताया कि खुफिया सूचनाओं पर तेजी से कार्यवाही करते हुए सी.आई. जालंधर की पुलिस टीमों ने वित्तीय इंटेलिजेंस यूनिट (एफ.आई.यू.) एसएएस नगर के साथ साझे ऑपरेशन के दौरान रेलवे स्टेशन जालंधर छावनी के नजदीक एक विशेष नाका लगाया।

विजीलेंस ब्यूरो ने घोटाले का भगोड़ा मुलजिम किया काबू

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज एक भगौड़े मुलजिम सतपाल चौधरी निवासी गांव मुरतजाबाद (सतबागड़ी), जिला पलवल, हरियाणा को गिरफ्तार किया है। ज़िक्रयोग्य है कि यह मुलजिम हाईकोर्ट द्वारा आगामी जमानत पटीशन ख़ारिज होने के बाद अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। वह एस.ए.एस. नगर जिले के टैक्स कलैक्शन सैंटर, झरमड़ी, लालडू में राज्य में दाख़िल होने वाले व्यापारिक वाहनों से नकली कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और नकली स्टैंप्स/सीलों का प्रयोग करके टैक्स वसूली करने संबंधी एक घोटाले में वांछित था। इस संबंधी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंधी एफआईआर नंबर 08, तारीख 08.06.2022 को आइपीसी की धारा 420, 465, 467, 471, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7ए, 13(1) (ए), 13(2) के अंतर्गत पहले ही पुलिस स्टेशन विजीलैंस ब्यूरो, एफ.एस.-1 पंजाब, मोहाली में केस दर्ज किया जा चुका है।

संगरूर में प्राइमरी अध्यापक का दिन-दहाड़े कत्ल

संगरूर (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब चुनावी माहौल के बीच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल में तैनात एक अध्यापक का बड़ी बेरहमी के साथ कत्ल किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ताज़ा जानकारी के अनुसार शेरपुर के गांव वजिदपुर बदेशा में सरकारी प्राइमरी स्कूल में अध्यापक साहिब सिंह नौकरी कर रहा था, सुबह उसको अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छाती में तेजधार हथियार मार कर उसकी हत्या कर दी गई। साहिब सिंह अपने घर मलेरकोटला से सुबह स्कूल के टाइम रोज की तरह अपने स्कूल में जा रहा था तो उसके स्कूल के पास पड़ती एक ड्रेन के ऊपर कुछ व्यक्तियों द्वारा उसकी छाती में तेजधार हथियारों से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया । वहां पर एक मनरेगा मजदूर ने भागकर साहिब सिंह के स्कूल के हेड टीचर राजविंदर सिंह को इस वारदात के बारे में बताया तो हेड टीचर ने इस की पुष्टि करते हुए थाना शेरपुर में इसकी जानकारी दी। फिलहाल अभी तक कत्ल के असल कारणों का पता नही चल सका है ।

DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS — DRAW DATE:09/05/2024

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 PLATINUM THURSDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

5546

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

1461

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

1453	1584	1919	2410	3366	3484	4143	5396	7362	8118

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

0223	1593	1990	2631	4564	5185	5914	6430	8068	9200

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

0162	0169	0299	0318	0337	0347	0360	0412	0485	0529
0541	0611	0670	0751	0904	1025	1092	1203	1225	1261
1274	1332	1360	1407	1422	1519	1526	1569	1718	1777
1782	1874	1923	1966	2054	2131	2203	2282	2417	2548
2635	2638	2658	2685	2839	2846	2901	2913	2953	3051
3152	3326	3347	3379	3416	3498	3501	3543	3628	3697
3706	3720	3827	3879	3931	3990	4045	4080	4099	4120
4215	4261	4369	4371	4390	4472	4501	4571	4584	4740
4960	5027	5068	5086	5151	5154	5304	5324	5375	5393
5417	5418	5435	5495	5552	5608	5654	5670	5729	5778
5789	5820	5836	5912	5930	6003	6073	6194	6200	6207
6299	6300	6330	6340	6347	6387	6482	6524	6748	6774
6783	6813	6860